## खास-खबर

### वनडे सीरीज के लिए पुणे पहुंची टीम इंडिया, कल खेला जाएगा पहला मैच

**पुणे।** भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए पुणे पहुंच गई है, जिसका पहला मुकाबला मंगलवार को खेला जाएगा। इंग्लैंड के भारत दौरे की यह आखिरी सीरीज होगी। चेन्नई और अहमदाबाद में खेली गई चार टेस्ट मैचों की सीरीज 3-1 से अपने नाम करने के बाद भारत ने शनिवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पांच मैचों की टी-20 सीरीज 3-2 से जीती। कप्तान विराट कोहली की अगुआई वाली भारतीय टीम शाम चार बजकर 45 मिनट पर अहमदाबाद से चार्टर्ड फ्लाइट से पुणे पंहुची। तीन वनडे मैच दर्शकों के बिना 23, 26 और 28 मार्च को एमसीए स्टेडियम में खेले जाएंगे।

### टी-20 विश्वकप में भारत को हराना आसान नहीं होगा : आथर्टन

**अहमदाबाद।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइक



आथर्टन का कहना है कि अपनी मजबूती के कारण भारत टी-20 विश्व कप में बाकी की टीमों के लिए एक कठिन चुनौती साबित होगा। पूर्व कप्तान ने साथ ही कहा कि भारत को घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा और भारत के अलावा इंग्लैंड और वेस्टइंडीज भी टी-20 विश्व कप के दावेदार हैं। टी-20 विश्व कप का आयोजन इस साल अक्टूबर-नवंबर में भारत में होना है। आथर्टन ने स्काई स्पोर्टस से कहा कि आईपीएल और टी-20 क्रिकेट खेलने के कारण भारत ज्यादा मजबूत है। एक तथ्य तो यह भी है कि उन्होंने तीन मुख्य गेंदबाजों के बिना इंग्लैंड को हराया है। भारत ने शनिवार को इंग्लैंड को पांचवें टी20 मैच में हराकर सीरीज 3-2 से जीती थी। इस सीरीज में भारतीय टीम में ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी शामिल नहीं थे। आथर्टन ने कहा किसभी चीजों को एक करके देखें तो सच्चाई यह है कि भारत घरेलू मैदान में खेला और वह काफी मजबूत है।

# वर्तमान टीम को विश्वकप की फाइनल टीम कहना जल्दबाजी: रोहित

**अहमदाबाद (एजेंसी)।**

**टीम इंडिया के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि इस साल के आखिर में भारत में खेले जाने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम की बैटिंग को अंतिम रूप देने की बात करना अभी जल्दबाजी होगी।**

कुछ ऐसी ही बात रोहित ने कप्तान विराट के साथ पारी की शुरुआत करने को लेकर भी कहा। ये दोनों आखिरी टी-20 मुकाबले में बतोर ओपनर मैदान पर उतरने थे और इन दोनों ने भारत की जीत में बड़ा अंतर पैदा किया। प्रशंसक तो अभी से ही विराट और रोहित की ओपनिंग जोड़ी की तुलना सचिन और सौरव से करने लगे हैं। रोहित ने भारत की सीरीज में 3-2 से जीत के बाद कहा कि टी-20 विश्व कप में अभी काफी समय बाकी है। ऐसे में बल्लेबाजी विश्व कप में




कैसी होगी, इसका स्वरूप कैसा होगा, इस बारे में बात करना जल्दबाजी होगी। हमें अभी इस पर मिल-बैठकर विचार करना और आंकलना करना होगा कि टीम के लिए क्या अनुकूल है। भारतीय उप-कप्तान ने कहा कि पांचवें मैच में हमारी जोड़ी एक रणनीतिक फैसला था क्योंकि हम एक बल्लेबाज की कीमत पर एक अतिरिक्त बॉलर के साथ उतरना चाहते थे। दुर्भाग्यवश हमें केएल राहुल को बाहर बैठाना पड़ा और यह बहुत ही मुश्किल फैसला था। भारत ने इस मुकाबले में राहुल की जगह टी.नटराजन को इलेवन में शामिल किया था। रोहित बोले कि सीमित ओवरों में केएल राहुल हमारे मुख्य खिलाड़ियों में से एक हैं। खासतौर पर टी20 फॉर्मेट में। वर्तमान फॉर्म को देकते हुए टीम मैनेजमेंट ने आखिरी मैच में सर्वश्रेष्ठ इलेवन के साथ मैदान पर उतरने का फैसला किया। और यह फैसला इस बात का संकेत नहीं देता कि केएल राहुल पर आगे विचार नहीं होगा। रोहित ने कहा कि यह एक मैच विशेष था क्योंकि सीरीज का परिणाम इस पर टिका था। विश्व कप की दिशा में आग बढ़ते हुए हालात बदल सकते हैं। ध्यान दिला दें कि सीरीज शुरू होने से पहले कोहली ने कहा था कि रोहित और केएल राहुल भारत की पहली पसंदीदा ओपनिंग जोड़ी होगी। भारतीय ओपनर ने कहा कि हम केएल राहुल की काबिलियत, शीर्ष क्रम में उनके योगदान और जो भी उन्होंने हमारे लिए किया है, उसे हम बहुत ही अच्छी तरह से समझते हैं। इसलिए मैं यह कहने नहीं जा रहा कि यह विश्व कप के लिए हमारी पसंदीदा बैटिंग लाइन है। रोहित ने कहा कि विश्व कप में अभी काफी समय बाकी है और इस दौरान आईपीएल भी खेला जाना है। और यह बात भी सुनने में आयी है कि विश्व कप से पहले हमें कुछ और टी20 मैच खेलने हैं। ऐसे में आप जानते हैं कि यह तय करने के लिए हमारे लिए पर्याप्त समय है कि टूर्नामेंट के लिए सर्वश्रेष्ठ इलेवन क्या होगी। हालांकि, जीत के बाद कप्तान विराट ने कहा कि विश्व कप के लिए टीम लगभग तय हो चुकी है, तो वहीं रोहित ने कहा कि इस मुद्दे पर मैनेजमेंट की रवैया लचीला है।

# मैं आईपीएल में भी करूंगा ओपनिंग : कोहली



*अहमदाबाद (एजेंसी)। शनिवार को मोटेरा के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में जीतने के बाद कप्तान कोहली ने कहा कि वह आईपीएल के 14वें सीजन में भी ओपनिंग करेंगे। कोहली ने मैच के बाद कहा कि आज एक क्लासिक रोहित शर्मा था, और फिर सूर्यकुमार ने नंबर तीन पर आकर अच्छी बल्लेबाजी की। हार्दिक ने शानदार तरीके से इसे खत्म किया। मैं आईपीएल 2021 में भी ओपनिंग करने जा रहा हूं। पहले भी मैं कई नंबरों पर बल्लेबाजी कर चुका हूं, लेकिन मुझे लगता है कि अभी हमारे पास मजबूत मिडिल ऑर्डर है। निश्चित रूप से रोहित को टॉप पर लाना पसंद करेंगे। भारतीय कप्तान ने आगे कहा कि यह हमारे लिए एक सम्पूर्ण मैच था। हमने पूरी तरह से अपने प्रतिद्वंद्वी को बैकफुट पर धकेल दिया। यहां तक कि इतनी ज्यादा ओस के साथ, पिछले मैच की तरह हमने फिर से स्कोर का बचाव किया है। ऋषभ पंत और श्रेयस अय्यर को मौका नहीं मिलने के बावजूद हमने 224 रन बनाए। हमारी बल्लेबाजी की गहराई अच्छी है। आज मेरे और रोहित, दोनों के ही इरादे थे। हमें पता था कि हम एक-दूसरे पर भरोसा कर सकते हैं।*

### आईपीएल के जरिए वर्ल्ड कप की तैयारी करेंगे इंग्लैंड के खिलाड़ी :मोर्गन



*दुनिया की नंबर वन टी20 टीम इंग्लैंड ने इंडिया के हाथों इस साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप से पहले सीरीज हार को इंग्लैंड के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। लेकिन इंग्लैंड के कप्तान इयोन मोर्गन मानते हैं कि आईपीएल के जरिए उनके खिलाड़ी वर्ल्ड कप के लिए बेहतर तैयार कर सकते हैं। मोर्गन ने कहा कि इंग्लैंड के क्रिकेटर नौ अप्रैल से शुरू होने वाले आईपीएल का पूरा फायदा उठाएंगे। मोर्गन ने कहा किआईपीएल का पूरा फायदा उठाना बेहद महत्वपूर्ण होगा। एक खिलाड़ी या टीम के रूप में हम एक जगह पर स्थिर नहीं रहना चाहते हैं। हम आगे बढना जारी रखना चाहते है। आईपीएल में खिलाड़ियों को जो भी मौका मिलेगा वे उसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। मोर्गन आईपीएल में कोलकाता नाइटराइडर्स के कप्तान हैं। इसके अलावा इंग्लैंड की टीम के कई बड़े खिलाड़ी जोस बटलर, बेयरस्टो, बेन स्टोक्स, सैम कर्रन भी आईपीएल में अलग-अलग टीमों के लिए हिस्सा लेते हैं इंग्लैंड टी-20 विश्व कप की तैयारियों के लिए बांग्लादेश और पाकिस्तान में लिमिटिड ओवर सीरीज खेलेगा। मोर्गन का कहना है कि वह आगे आने वाले कुछ महीनों में अपने बेस्ट खिलाड़ियों को ही प्लेइंग 11 में मौका देंगे ताकि तैयारियों में कसर ना रहे। मोर्गन ने इंडिया के खिलाफ सीरीज में भी उन्हीं खिलाड़ियों को प्लेइंग 11 में प्राथमिकता दी जिनका चयन वर्ल्ड कप की टीम में होना पूरी तरह से तय है। इंडिया की धीमी पिचों के मद्देनज़र इंग्लैंड की टीम पाकिस्तान और बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में मोईन अली को भी प्लेइंग 11 में मौका दे सकती है।*

# वनडे सीरीज के लिए इंग्लैंड टीम का ऐलान, आर्चर बाहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जानी वाली तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए इंग्लैंड ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया गया है। इंग्लैंड को वनडे सीरीज से पहले बड़ा झटका लगा है। तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर चोटिल होने की वजह से टीम से बाहर हो गए हैं।**

भारत और इंग्लैंड के बीच वनडे सीरीज का पहला मैच 23 मार्च को पुणे में खेला जाएगा। भारत ने इंग्लैंड को टेस्ट सीरीज में 3-1 से और टी20 सीरीज में 3-2 से मात दी है।

इंग्लैंड टीम की पूरी कोशिश होगी कि वो वनडे सीरीज जीतकर इस दौरे का समापन जीत के साथ करे। इससे पहले इंग्लैंड के कप्तान इयोन मोर्गन ने शनिवार को खुलासा किया था कि आर्चर के वनडे सीरीज और इसके बाद इंडियन प्रीमियर लीग से हटने की संभावना है क्योंकि इस स्टार तेज गेंदबाज की कोहनी की चोट गंभीर हो गई है। आर्चर इस चोट के कारण भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज का आखिरी मैच नहीं खेल पाए थे। उन्होंने टी-20 सीरीज से वापसी की और इसमें



करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 33 रन पर चार विकेट के साथ कुल सात विकेट चटकाए। वनडे सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम- इयोन मोर्गन(कप्तान), जॉनी बेयरस्टो, मोईन अली, सैम बिलिंग्स, जोस बटलर, बेन स्टोक्स, सैम कुरैन,टॉम कुरैन, लिआम लिविंगस्टोन, मैट पार्किंसन, जेसन रॉय, रीस टॉपले,आदिल रशीद, मार्क वुड। कवर के तौर पर डेविड मलान,क्रिस जोर्डन और जेक बॉल को रखा गया है।

**आईपीएल के शुरुआती कुछ मैच नहीं खेल पाएंगे आर्चर:** राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के शुरुआती चरण के मैचों के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने रविवार को यह जानकरी देते हुए कहा कि कोहनी की चोट के कारण आर्चर को मंगलवार से पुणे में शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया है। ईसीबी ने कहा कि 25 साल का यह गेंदबाज चोट के प्रबंधन और कोहनी की चोट की जांच के लिए ब्रिटेन लौट रहा है। ईसीबी के बयान के मुताबिक, %ईसीबी चिकित्सा टीम जोफ्रा के साथ मिलकर चोट का आकलन करने के बाद उसकी उपचार योजना और खेल में वापसी का कार्यक्रम तय करेगी। इस कारण वह इंडियन प्रीमियर लीग के शुरुआती मैचों के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। उन्होंने बताया कि आर्चर की कोहनी की चोट टी-20 इंटरनेशनल सीरीज के दौरान और गंभीर हुई है जिससे उनके लिए अपने प्रदर्शन के स्तर को बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो गया।

## आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी

# भारतीय पुरुष टीम ने 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में जीता को स्वर्ण



**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

**भारत ने दिल्ली में चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी में 10 मीटर एयर पिस्टल में अपना दबदबा बनाए रखा। रविवार को पुरुष और महिला दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीते। युवा ओलंपिक और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सौरभ चौधरी, अभिषेक वर्मा और शाहजार रिजवी की टीम ने पुरुष वर्ग के फाइनल में वियतनाम को 17-11 से हराकर आसानी से सोने का तमगा अपने नाम किया।**

पुरुषों के फाइनल में वियतनाम का प्रतिनिधित्व दिन तान नगुएन, क्वोक कुयोग त्रान और झुआन चुयेनफान कर रहे थे। भारतीय पुरुष टीम ने दूसरे क्वालीफिकेशन में कुल 579 और वियतनामी टीम ने 565 अंक बनाये थे। पहले क्वालीफिकेशन में भारतीय टीम ने 1750 और वियतनाम ने 1708 अंक हासिल किये थे। वहीं भारत की यश्वस्विनी सिंह देसवाल, मनु भाकर और श्री निवेथा की टीम ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल की टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक हासिल किया।

### महिलाओं ने 10मी एयर पिस्टल स्वर्ण पर लगाया निशाना

भारतीय महिला टीम ने 10मी एयर पिस्टल टीम इवेंट में गोल्ड मेडल जीत लिया है। इस इवेंट में भारतीय महिलाओं ने पोलैंड को 16-8 से हराया। यशस्विनी देसवाल, मनु भाकर और श्री निवेथा परमानंथ की तिकड़ी ने भारत को दूसरा गोल्ड दिलाया। इससे पहले आज 10 मीटर एयर राइफल पुरुष टीम को सिल्वर मेडल हासिल हुआ। इस टीम में एश्वर्य प्रताप सिंह, दीपक कुमार और पंकज कुमार शामिल हैं। टीम इंडिया अब तक टूर्नामेंट में 2 गोल्ड समेत 7 मेडल जीत चुकी है। भारतीय टीम ने गोल्ड मेडल के लिए मुकाबले में 16 शॉट जमाये और वह पोलैंड की जूलिता बोरेक, योआना इवोना वावरजोनोवस्का और एग्निस्का कोरेजवो को पीछे छोड़ने में सफल रही। कर्णी सिंह रेंज में चल रही प्रतियोगिता में पोलैंड की टीम आठ अंक ही बना पायी। घरेलू टीम ने 576 अंको के साथ दूसरे क्वालिफिकेशन में टॉप किया। जबकि पोलैंड की टीम ने 567 अंक हासिल किए। पहले क्वालिफिकेशन में भारतीय महिलाओं ने 290, 287, 288, 287, 293 और 287 अंको के साथ छह सीरीज के बाद 1731अंक हासिल किए। वहीं पोलैंड ने 286, 283, 286, 286, 286 और 287 अंको के साथ छह सीरीज के बाद 1701अंक हासिल किए। शनिवार को यशस्विनी ने 10मी एयर पिस्टल वुमन्स सिंगल इवेंट में गोल्ड जीता था। इस इवेंट में मनु भाकर दूसरे स्थान पर रही थीं।

**गनीमत सेखों ने महिला स्कीट में जीता ब्रॉन्ज मेडल:** युवा भारतीय निशानेबाज गनीमत सेखों ने रविवार को महिलाओं की स्कीट में ब्रॉन्ज मेडल जीता। नई दिल्ली के कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर की शॉटगन रेंज में विश्व रैंकिंग में 82वें स्थान पर काबिज 20 साल की इस निशानेबाज ने 40 सटीक निशाने लगाए। फाइनल में जगह पक्की करने वाली एक अन्य भारतीय निशानेबाज कार्तिका सिंह शेखावत 32 निशाने के साथ चौथे स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता के दौरान ज्यादातर समय तक दूसरे स्थान पर रहीं गनीमत लगातार तीन बार सही निशाना लगाने से चूक गईं, जिससे ब्रिटेन की अम्बर हिल और कजाखस्तान की जोया करावचेंको के बीच गोल्ड मेडल के लिए बेहद करीबी मुकाबला हुआ।

### बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने मेरे फैसले को गलत तरीके से पेश किया : शाकिब

**ढाका (एजेंसी)।** स्टार ऑलराउंडर शाकिब-अल-हसन ने दावा किया कि श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में राष्ट्रीय टीम की तरफ से खेलने के बजाय इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने के उनके फैसले को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने गलत तरीके से पेश किया। बांग्लादेश विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की दावेदारी में नहीं हैं और शाकिब का मानना है कि ऐसे में आईपीएल में खेलना अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे उन्हें टी20 विश्व कप की तैयारियों में मदद मिलेगी जो साल के आखिर में भारत में होना है। शाकिब ने कहा, 'ये दो टेस्ट मैच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के हमारे आखिरी मैच होंगे और ऐसा नहीं है कि हम फाइनल में खेलने जा रहे हैं।

# विराट-रोहित को आगे भी ओपनिंग करते देखना चाहते हैं गावस्कर



**अहमदाबाद (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर टी20 इंटरनेशनल में रोहित शर्मा और विराट कोहली को आगे भी ओपनिंग करते देखना चाहते हैं। दरअसल, इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टी20 में भारतीय कप्तान विराट कोहली ने उप कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरुआत की थी।**

इन दोनों बल्लेबाज़ों ने टीम को तेजी से शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 94 रन जोड़े।किंग कोहली ने इस मैच में 52 गेंदो में नाबाद 80 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से सात चौके और दो छक्के निकले। इस सीरीज में कोहली ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसे देखते हुए उन्हें मैन ऑफ द सीरीज का अवार्ड मिला। टीम इंडिया ने पांचवें मुकाबले में इंग्लैंड को 36 रनों से हराकर पांच मैचों की सीरीज 3-2 से अपने नाम की।

पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने इंडिया की जीत के बाद एक इंटरव्यू में कहा कि आपके सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज को सीमित ओवरों के क्रिकेट में सबसे अधिक ओवरों तक बल्लेबाजी करनी चाहिए। इसलिए विराट कोहली के लिए शीर्ष पर बल्लेबाजी करना बहुत महत्वपूर्ण था। हो सकता है कि केएल राहुल की खराब फॉर्म के कारण कोहली ने ऐसा किया गया हो, लेकिन इससे हमें आगे बढ़ने के लिए एक शुरुआती संयोजन मिला है। गावस्कर ने आगे कहा कि जब सचिन तेंदुलकर वनडे में निचले क्रम पर बल्लेबाजी कर रहे थे, तब उन्हें ओपनिंग करने के लिए भेजा गया, और इससे न केवल उनकी बल्लेबाजी में बल्कि पूरी टीम में एक बदलाव आया था। तो स्पष्ट रूप से, आपके सबसे अच्छे बल्लेबाज को जितने ओवर बल्लेबाजी करने को मिलेंगे वह सही है। गावस्कर ने कहा कि मैं चाहता हूं कि यह ओपनिंग फॉमूर्ला जारी रहे।

# कोहली पर आईसीसी लगा सकता है दो वनडे मैचों का बैन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच शनिवार को पांच मैचों की टी-20 सीरीज का निर्णायक मैच में भुवनेश्वर कुमार ने जोस बटलर को 52 रन पर आउट किया। बटलर के आउट होने के बाद विराट कोहली के साथ उनकी कहासुनी भी हुई। कैमरों में ये पूरा वाकया कैद हो गया। बटलर जब आउट होकर पवेलियन की तरफ लौट रहे थे तब कोहली उनसे कुछ कहते दिखे। हालांकि ये साफ नहीं है कि किसने पहले जुबानी जंग की शुरुआत की। बटलर के मैदान छोड़ने से पहले दोनों के बीच गहमागहमी हुई। इसके बाद विराट कोहली को अंपायरों और इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरेस्टो के साथ लंबी बातचीत करते हुए देखा गया। इस घटना ने कोहली के ऑन-फील्ड प्रदर्शन की तरफ ध्यान केंद्रित किया है, खासतौर पर हाल के दिनों में इंग्लैंड दौरे में ये जांच के दायरे में रहा है। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दौरान ऑनफील्ड अंपायर से बहस करने की वजह से कोहली पर एक टेस्ट के बैन का खतरा मंडरा रहा था। हालांकि वो तब वो एक आरोप से बच निकले थे। कोहली के इस समय दो सक्रिय डिमेरिट प्वाइंट हैं। आईसीसी के डिमेरिट प्वाइंट के मुताबिक यदि कोई खिलाड़ी 2 से लेकर 4 महीने की अवधि के दौरान चार या उससे अधिक डिमेरिट प्वाइंट तक पहुंचता है, तो डिमेरिट प्वाइंट्स को सस्पेंशन प्वाइंट्स में बदल दिया जाता है।

### टी-20 सीरीज जीतने के बाद भारत पर लगा भारी जुर्माना

भारत पर इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टी-20 इंटरनेशनल मैच में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 40 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। विराट कोहली की अगुआई वाली भारतीय टीम को तय समय से दो ओवर धीमे फेंकने के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) एलीट पैनल के मैच रैफरी जवागल श्रीनाथ ने यह जुर्माना लगाया। आईसीसी ने एक बयान में कहा कि खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ की आईसीसी आचार संहिता का अनुच्छेद 2.22 न्यूनतम ओवर गति उल्लेघंन से संबंधित है, जिसमें खिलाड़ियों पर प्रत्येक ओवर धीमा फेंकने के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

# वर्ल्ड कप शूटिंग में एश्वर्य ने देश को दिलाया रजत

**भोपाल (खेप्र)।** दिल्ली में आयोजित आईएसएसएफ वर्ल्ड कप शूटिंग प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के प्रतिभावान खिलाड़ी एश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने देश को रजत पदक दिलाया। एश्वर्य प्रताप ने यह पदक 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में 14 अंकों के साथ अर्जित किया। एयर फोर्स के खिलाड़ी दीपक कुमार और आर्मी के पंकज कुमार टीम में शामिल थे। यूएसए के खिलाड़ी 16 अंक हासिल कर पहले स्थान पर रहे। कोरिया ने तीसरा स्थान हासिल किया। उल्लेखनीय है कि आईएसएसएफ वर्ल्ड कप शूटिंग प्रतियोगिता में इस बार नया इवेंट जोड़ा गया है। इसके अनुसार क्वालिफिकेशन राउंड में पहले और दूसरे स्थान पर रहने वाली जो टीम पहले 16 अंक प्राप्त करेगी वह स्वर्ण पदक विजेता होगी। इसी तरह तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीम के बीच कांस्य पदक के लिए मुकाबला होगा और जो टीम पहले 16 अंक प्राप्त करेगी उसे कांस्य पदक





मिलेगा।

दिल्ली में प्रदेश की खेल और युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया भी शामिल हुईं। उन्होंने खिलाड़ियों का प्रतिभा प्रदर्शन देखा और उनका उत्साहवर्धन किया। मैडल सेरेमनी में उन्होंने एश्वर्य प्रताप सिंह तोमर सहित अन्य खिलाड़ियों को मैडल पहनाकर सम्मानित किया और सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

खेल मंत्री ने कहा कि एश्वर्य प्रताप सिंह तोमर मध्य प्रदेश की एक्सीलेंस शूटिंग अकादमी के प्रतिभावान स्टार खिलाड़ी हैं, जिन्होंने वर्ल्ड कप में रजत पदक जीतकर देश का मान बढाया है। उन्होंने आगामी 50 मीटर थ्री पोजीशन इवेंट में देश को स्वर्ण पदक दिलाने के लिए एश्वर्य प्रताप को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी की मुख्य प्रशिक्षक सुश्री सुमा शिरूर भी उपस्थित थी। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के तीन खिलाड़ी भागीदारी कर रहे हैं। इनमें एश्वर्य प्रताप के अलावा चिंकी यादव और सुनिधि चौहान शामिल हैं।

### भवानी देवी को राष्ट्रीय तलवारबाजी चैंपियनशिप में नौवां खिताब

**रूद्रपुर (एजेंसी)।** टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली देश की पहली तलवारबाज भवानी देवी (तमिलनाडु) ने 31वीं सीनियर राष्ट्रीय तलवारबाजी चैंपियनशिप में महिला सब्रे व्यक्तिगत स्पर्धा का खिताब जीता और इस तरह से नौवीं बार राष्ट्रीय चैंपियन बनीं। तमिलनाडु की भवानी ने शनिवार को फाइनल में केरल की जोसना जोसफ को 15-7 से हराकर खिताब हासिल किया। उन्होंने इससे पहले सेमीफाइनल में के अनीता को 15-4 से और क्वार्टर फाइनल में पंजाब की जगमीत कौर को 15-7 से हराया था। भवानी ने व्यक्तिगत स्पर्धा में अपने शुरुआती पूल मैच में जम्मू कश्मीर की जसप्रीत कौर को आसानी से 15-2 से हराया, लेकिन क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए उन्हें तेलंगाना के बेबी रेड्डी की क?ी चुनौती का सामना करना पड़ा, जहां उन्होंने 15-14 के करीबी अंतर से जीत हासिल की।

# बॉक्सिंग अकादमी में आज से कंबाइंड ट्रैनिंग कम कॉन्पिटीशन का आयोजन

**भोपाल (खेप्र)।** राजधानी भोपाल स्थित मध्य प्रदेश एक्सीलेंस बॉक्सिंग अकादमी में आज से 29 मार्च, 2021 तक कंबाइंड ट्रेनिंग कम कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया है। इस संयुक्त प्रशिक्षण सह प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश बॉक्सिंग अकादमी और जे.एस.डब्ल्यू. स्पोर्ट्स बॉक्सिंग अकादमी बेल्लारी, कर्नाटक के बॉक्सर संयुक्त अभ्यास करेंगे। दोनों अकादमी के चयनित 12-12 खिलाड़ी भागीदारी कर रहे हैं जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रशिक्षक महत्वपूर्ण टिप्स देकर बॉक्सिंग खेल की बारीकियां सिखाएंगे।

जे.एस.डब्ल्यू. स्पोर्ट्स बॉक्सिंग अकादमी बेल्लारी, कर्नाटक के बॉक्सर भोपाल पहुंचे और टी. टी. नगर स्टेडियम में संचालक खेल और युवा कल्याण पवन जैन से भेंट की। खेल संचालक श्री जैन ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त



किया और उन्हें खेल भावना से खेलने के लिए प्रोत्साहित करते हुए शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि खेल और युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया की पहल पर आयोजित कंबाइंड ट्रेनिंग कम कॉम्पिटीशन का उद्देश्य खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय ट्रेनिंग देकर उनकी खेल विधा में निखार लाना और उन्हें एक्सपोजर दिलाना है। बॉक्सिंग अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक रोशन लाल ने बताया कि 30 मार्च को शाम 6 से रात 9 बजे तक आयोजित 'फाइट नाईट' में खिलाड़ियों के बीच दिलचस्प मुकाबला खेला जाएगा जो आकर्षण का केन्द्र होगा। कंबाइंड कम कॉम्पिटीशन में यूथ, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में 7 बालक और 5 बालिका खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इनमें सीनियर वर्ग में अंजलि शर्मा, राधा पाटीदार, श्रुति यादव, युवराज ठाकुर, हर्ष जून, रोहन खुरापिया और अभिनव भार्गव तथा जूनियर वर्ग में खुशी सिंह, आयुष यादव, अभिषेक तोमर और यूथ वर्ग में अभिषेक मिश्रा और राधिका टेकाम का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि नाइट फाइट में जे.एस.डब्ल्यू. स्पोर्ट्स बॉक्सिंग अकादमी के अंतरराष्ट्रीय कोच रॉन सिम्स भी मौजूद रहेंगे।

**कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सिटी को-आपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लिमिटेड, भोपाल**

(पंजीयन क्रमांक /डी.आर.बी./817, दिनांक 22.04.1999)

जी-1, विक्टर अपार्टमेंट, विजय नगर, लालघाटी, भोपाल
कैम्प- कार्यालय उप आयुक्त, सहकारिता, डी-ब्लाक पुराना सचिवालय, जिला-भोपाल
क्रमांक/निर्वा./2021/03 दिनांक: 20.03.2021

**सूचना**

संस्था के समस्त सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मण्डल के सदस्यों का निर्वाचन साधारण सभा में सम्पन्न होना है। अत: संस्था की सदस्यता सूची का प्रकाशन संस्था के नोटिस बोर्ड, कार्यालय निर्वाचन प्राधिकारी, सतपुड़ा भवन, भोपाल, उपायुक्त सहकारिता, जिला-भोपाल, विकास खण्ड फंदा, झरनेश्वर नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, बैरसिया रोड, भोपाल के सूचना पटल पर दिनांक 20/03/2021 को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 20/03/2021 से दिनांक 27/03/2021 तक मुझे सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं। आपत्तियों का निराकरण कार्यालय उपायुक्त सहकारिता, डी-ब्लाक पुराना सचिवालय, जिला - भोपाल (म.प्र.) में दिनांक 28/03/2021 को दोपहर 12 बजे से किया जायेगा। सूचना संस्था के समस्त सदस्यों को व्यक्तिश: / साधारण डाक द्वारा पृथक से प्रेषित की गई है।

(संगीता मीना)
रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सिटी को-आपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लिमिटेड, भोपाल